## वित्त मंत्रालय

## (राजस्व विभाग)

## (केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 जून, 2011

**सं. 32/2011**

**का.आ. 1296(अ).**—आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 के उप-खण्ड (15) के उप-खण्ड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार एतद्द्वारा संख्या सा.का.नि. 607(अ), दिनांक 9 जून, 1989 के तहत भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उप-खण्ड (i) में प्रकाशित भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में, सारणी में क्रम संख्या 9 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के लिए, निम्नलिखित क्रम संख्या तथा प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| "9. | डाकघर बचत बैंक खाता | व्यक्तिगत खाते के मामले में 3500 रु. तथा संयुक्त खाते के मामले में 7000 रु. के ब्याज तक" |

2. यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी ।

[फा. सं. 173/13/2011-आईटीए-I]

रमण चोपड़ा, निदेशक (आ.क.नि. I)

**टिप्पणी :** मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उप-खण्ड (i) में संख्या सा.का.नि. 607(अ) दिनांक 9 जून, 1989 के तहत प्रकाशित हुई थी ।

2073 GI/2011